16724

* श्रीमते रामानन्दाय नमः *

श्रीमद्भगवत्-

गीतातात्पर्यनिर्णयः

श्रीबिन्दुप्रवर्तकाचार्य

श्रीरामप्रसादस्वामिनः

श्रीमद्धनुर्धारिणेनमः

॥ श्रीमते रामानन्दाय नमः ॥

—: श्रीमद्भगवद्गीतायाः :—

तात्पर्य निर्णयः

श्रीमद्वेदमार्गप्रतिष्ठापनाचार्यजगद्गुरुश्रीमद्रामानन्दमुनीन्द्रान्वय-
भूषणश्रीमदग्रस्वामिवंशाम्बुधिचन्द्रैः श्रीसम्प्रदायाभि-
वर्धकाचार्यवर्य्यैर्दीनबन्धुपदविभूषितैः

श्रीमद्रामप्रसादस्वामिभिः प्रणीतम्

तच्च

परमभावुकजनसम्मानिताग्रगण्यानन्य श्रीसीतारामोपासक
श्रीमद्रामप्रसाद वंशसरसिजभास्कर-वैष्णव भूषणायो-
ध्यास्थ बृहत्स्थानाधिपति श्रीमद्राममनोहरप्रसाद
शिष्यैः छोटे महन्तेत्युपनामकैः श्रीचिन्ता-
मणिदासैर्निजीयव्ययतः

श्री आनन्द प्रेस मुद्रणालये पं० भगवानदास शास्त्रिणा मुद्रापयित्वा

लोकोपकारार्थं प्रकाशितम्

प्रथमावृतौ] सम्वत् २००६ [१००० प्रति

* श्रीमतेरामानन्दायनमः *

॥ श्रीरघुनाथायनमः ॥

गीता तात्पर्य निर्णय:

यः स्वानन्यभक्तानां सुलभोऽनंतरूपवान् ॥
तं रामं सच्चिदानन्दंवन्देऽहं पुरुषोत्तमम् ॥

इह खलु सकल वेदपूर्वापर वाक्यैकवाक्यता करणेन तद्गूढ तात्पर्यं निर्द्धार्य्य ज्ञातुमसमर्थान् मन्दमतीन् जीवानवलोक्य धर्मसंस्थापनाय साधु परित्राणाय चावतीर्णः परमकारुणिको भगवान् सर्वज्ञः सकलोपनिषत्सारार्थ प्रका-

---

॥ श्रीसीतारामाभ्यां नमः ॥

करुणाऽर्णव रूपाय परमानन्द दायिने ।
श्रीपते रामवल्लभाय शरणाय गुरवे नमः ॥

इस संसारमें सम्पूर्ण वेदोंके पूर्वा पर वाक्योंकी एक वाक्यता करनेके लियेवेदों के गूढ़ तात्पर्यको निर्णयकरके जानने में असमर्थ मन्दमति जीवोंको देखकर धर्म संस्थापन और साधु परित्राण करने के लिये अवतीर्ण हुए। परम कारुणीक सर्वज्ञ भगवान् श्रीकृष्णजीने सम्पूर्ण उपनिषदोंके सार अर्थ को प्रका-

शकं गीताख्य शास्त्रं स्व प्रपन्नार्जुनोद्देशे नेहा-
वतार्य्यं तत्र तेषु साधूनामनुष्ठेयं कर्म ज्ञान
भक्ति योगमुपदिदिक्षु रादौ कर्मयोगज्ञानयोग
स्थिति भेदेन द्विविधां निष्ठां प्रकाश्यानंतरमुक्त
निष्ठाद्वयसाध्यं परमपुरुषार्थंस्वप्राप्त्युपायभूतं
स्वानन्यभक्ति योग मुपदिदेशार्जुनं प्रति "अन-
न्य चेताः सततं यो मां स्मरति नित्यशः । तस्याहं
सुलभः पार्थ नित्ययुक्तस्य योगिनः ॥ पुरुषः
स परः पार्थ भक्त्या लभ्यस्त्वनन्यया ॥ अन-

शन करने वाले गीता नामक शास्त्र को अपनी शरणमें प्राप्त अर्जुनके बहानेसे प्रगट किया। और उस गीतामें सज्जनों के अनुष्ठान करने योग्य कर्मज्ञान और भक्ति योग का उपदेश देने की इच्छासे आरंभमें कर्मयोग और ज्ञानयोग की स्थिति-भेदसे दो प्रकार की निष्ठा को दिखाकर उसके बाद दोनों निष्ठाओंसे साध्य जो परम पुरुषार्थरूप अपनी प्राप्तिके उपायभूत स्वानन्य भक्तियोग को अर्जुनके प्रति आपने उपदेश किया।

"जैसे अनन्यचित्त होकरके जो हमारा नित्य स्मरण करता है। हे अर्जुन उस नित्ययुक्त योगीके लिये हम अत्यन्त सुलभ हैं। —हे अर्जुन वह परम पुरुष अनन्य भक्तिसेही प्राप्त हो सकता है॥ अनन्यतया चिंतवन करते हुए जो भक्त हमारी

न्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते ॥ तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम् ॥ मन्मना भव मद्भक्तो मद्याजी मां नमस्कुरु ॥ मामेवैष्यसि युक्त्वैव मात्मानं मत्परायणः ॥ भक्त्यात्वनन्यया शक्योऽहमेवं विधोऽर्जुन। ज्ञातुं द्रष्टुं च तत्वेन प्रवेष्टुं च परंतप ॥ मत्कर्म कृत्मत्परमो मद्भक्तः संगवर्जितः । निर्वैरः सर्व भूतेषु यः समामेति पांडव ॥ मय्यावेश्य मनो ये मां नित्ययुक्ता उपासते । श्रद्धया परयोयेता-

---

उपासना करते हैं, नित्यही हमारेमें अभियोग करनेवाले उन भक्तोंका योगक्षेम मैं स्वयं वहन करता हूं ।

मेरेमें मनको लगावो, हमारे भक्त होवो, हमारा यजन करो, हमको नमस्कार करो, और हमारे परायण होवो इस युक्ति से हमको प्राप्त होवोगे ।

हे अर्जुन ! इसप्रकारसे अनन्य भक्ति सेही हम जाने जा सकते हैं और यथार्थतया देखे भी जा सकते हैं और अनन्य भक्ति से ही प्रवेश करने योग्य होते हैं ।

हमारे लिये कर्म करो हमारेमें परत्व बुद्धि करो और संग को छोड़कर हमारा भक्त होवो और सब प्राणियोंमें वैरको त्याग दो । हे अर्जुन ! ऐसा ही प्राणी हमको प्राप्त होता है । जो भक्त नित्ययुक्त होकरके हमारेमें मनको आवेशित करके परम श्रद्धा

स्ते मे युक्त तमा मताः ॥ ये तु सर्वाणि कर्माणि मयि सन्न्यस्य मत्पराः । अनन्येनैव योगेन मां ध्यायंत उपासते ॥ तेषामहं समुद्धर्त्ता मृत्यु संसार सागरात् ॥ भवामि न चिरात्पार्थ मय्या-वेशित चेतसामि, त्यादिना,, एवमुक्त वाक्यैः स्वानन्य भक्तेः स्वावश्य प्रापकत्वं प्रकाशयि-त्वापि तदेव द्विर्बद्धं सुबद्ध न्यायेन दृढ यितुं पुनः तस्याः स्वावश्यप्रापकत्वं स शपथं प्रति-ज्ञाय शास्त्रमुपसंहृतवान् "मय्येव मन आधत्स्व

से हमारी उपासना करते हैं वे ही हमारे मतसे युक्ततम हैं और जो सर्व कर्मोंका न्यास हमारे में कर देते हैं और हमारे अधीन होते हुए अनन्य योगसे हमारा ध्यान करते हुए मेरी उपासना करते हैं उनको मृत्यु संसार सागरसे शीघ्रही उद्धार करनेवाले हम होते हैं । हे पार्थ ! जिन्होंने हमारेमें चित्तको लगा रखा है उनकी बहुत जल्दी संसार सागरसे रक्षा करना हूं,, ।

इन वाकयोंसे भगवान् श्रीकृष्णजीने अर्जुनको उपदेश किया । और इन्हीं वाकयोंसे अपनी अनन्य भक्तिसे ही हम वश में होते हैं, और अनन्य भक्ति को ही अपनी प्राप्ति का साधन प्रकाशित करके उसीको "द्विर्बद्धं सुबद्धं भवति" इस न्यायसे दृढ़ करनेके लिये स्वानन्य भक्ति को ही अपनी प्राप्ति का अवश्य साधकताका सपथ करके शास्त्रका उपसंहार किया है । हमारे

मयि बुद्धिं निवेशय। निवशिष्यसि मय्ये-
व अत ऊर्ध्वं न संशयः ॥ मन्मनाभवमद्भक्तो म-
द्याजीमां नमस्कुरु मामेवैष्यसि सत्यन्ते प्रतिज्ञाने-
प्रियोऽसि मे,, इति मय्येवमन आधत्स्व समा-
धत्स्व मय्येव मनसः समाधिंकुरु "अथ चित्तं
समाधातुं न शक्नोषि मयि स्थिर मित्यत्र मयि
चित्त स्थिर समाधान वचनेन त्वस्मिञ्चित्त

में ही मनको स्थापित करो, हमारेमें ही बुद्धि लगावो, इसके बाद हमारेमें ही प्रविष्ट हो जावोगे। अर्थात् ऐसा अभ्यास करते हुए अन्तमें हमही को प्राप्त हो जावोगे। पुनः हमारेमें मन लगावो हमारे भक्त होवो, हमारा ही यजन करो, हमको नमस्कार करो। ऐसा करनेसे आप हमको प्राप्त होजावोगे, यह मैं सत्य कहता हूँ। और प्रतिज्ञा करता हूं आप हमारे अत्यन्त प्रिय हैं, अर्थात् इस प्रकारसे भजन करने वाले भक्तके हम अत्यन्त अधीन हो जाते हैं। उपरोक्त इन दोनों श्लोकोंके अर्थको भाष्यकार स्वयंभी लिखते हैं। 'मय्येव मन आधत्स्व' इस पदका अर्थ भाष्यकारजी लिखते हैं कि हमारे में ही मन को समाधी को करो। क्योंकि 'अथचित्तं समाधातुं न शक्नोषि मयि स्थिरम्' यहाँ पर हमारेमें चित्तके स्थिर और समाधानके वचनसे हमारेमें ही चित्त की समाधि कही गई है—इससे हमारे में मन की सहज रूपा समाधि वृत्ति करो। यही अर्थ पूर्व पद का

समाधे रुक्तत्वान्मय्येव मनसो सहजां वृत्तिं कुर्वि-त्यर्थः। मयि बुद्धिं निवेशय नामबुद्धेर्वृत्तिं मय्ये-काकारं कुर्वित्यर्थः तदेव स्पष्टयति—मन्मना भव इति मय्येव न मदतिरिक्तपदार्थान्तरे मनो यस्य स मन्मनाः मय्येकस्मिन्मनसः सहजां-वृत्तिं स्वभाविकीं वृत्तिं कुर्वित्यर्थः। सै वैषानन्य-भक्ति शब्द शब्दिता परभक्तिशब्देनापि शब्द्यते "समः सर्वेषु भूतेषु मद्भक्तिं लभते पराम्। भक्त्या मामभिजानाति यावान् यश्चास्मि तत्वतः

यथार्थ होता है। और 'मयि बुद्धिं निवेशय' इस पद के बुद्धि की वृत्तिको हमारे अकार से ही अकारित करो इसी बात को "मन्मनाभव" इस पदसे स्पष्ट करते हैं कि हमारे अतिरिक्त अन्य पदार्थों में जिसका मन नहीं है यही "मन्मनाभव" इस का अर्थ हुआ अर्थात् अकेले मेरे में ही मनकी स्वाभाविक सहजावृत्ति को करो, इसी मनकी स्वाभाविक सहजावृत्ति को अनन्य भक्ति शब्दसे और पर भक्ति शब्द से भी कहते हैं। "समः सर्वेषु भूतेषु मद्भक्तिं लभतेपराम्" अर्थात् सब भूतोंमें जो सम है वह हमारी परम भक्ति को प्राप्त कर लेता है, भक्ति से ही भक्त हमको जितने जिस प्रकार यथार्थ रूपसे हम हैं वैसा जानता है इसके बाद यथार्थ रूपसे हमको जानकर हममें

ततो मां तत्वतो ज्ञात्वा विशते तदनन्त-
रमि,, ति। कुतस्नयोः पर्यायत्व मिति चेत् "भ-
क्त्यात्वनन्याशक्य अहमेवं विधोऽर्जुन, ज्ञातुं
द्रष्टुं च तत्वेन प्रवेष्टुं च परंतप,, इति पर-
भक्त्य नन्य भक्त्योरुभयोर्भगवद्याथात्म्य वोधक-
त्व.धेकधर्मकत्वोक्तेः तस्या एतस्या द्विविधानि
साधनानि निर्दिष्टानि तत्रैकं तत्साधनप्रकारं

प्रविष्ट हो जाता है इन दोनों श्लोकोंसे मनकी स्वाभाविक वृत्ति पर भक्ति, अनन्यशक्ति इन तीनोंको एकार्थकत्व बतलाया।

अब सन्देह यह होता है कि अनन्यभक्ति और परभक्ति को एकार्थ प्रतिपादकत्व कैसे है। इसके उत्तरमें गीताचार्य, 'भक्त्यात्व नन्यया शक्यो' इस मंत्र से उत्तर देते हैं कि हे अर्जुन! अनन्याभक्ति से ही हम इस प्रकारके हैं ऐसा जानने और देखनेमें आ सकते हैं और हे परंतप! अनन्य भक्ति से ही हमारेमें यथार्थ रूपसे प्रवेश कर सकते हैं, इस मंत्र से परभक्ति और अनन्य भक्ति दोनों ही से भगवान् के यथात्म्य बोधकादि रूप एकधर्म कहा गया है।

अर्थात् इन्हीं दोनों से भगवान का यथार्थ बोध होता है। जब भगवत यथार्थ रूप बोधकत्व दोनों का फल है, तो दोनों में पर्य्यायत्व सिद्ध होता है।

इसके (सहजावृत्ति) दो प्रकार के साधन गीताचार्य ने निर्देश किया है। उसमें पहले साधन का प्रकार स्वे स्वे कमण्यं

स्वे स्वे कर्मण्यभिरतः संसिद्धिं लभते नर इत्यारभ्य "ब्रह्म भूयाय कल्पते" इत्यन्तेन संक्षेपतो निर्दिश्य स्व कर्मानुष्ठानेन शुद्धान्तःकरणस्याधिकारिणो ज्ञान योगानुष्ठानेना परोक्षी कृत प्रत्यगात्मनः परभक्तिप्राप्तिं प्रकाशयामास "स्वकर्मनिरतः सिद्धिं यथा विन्दति तच्छृणु" इत्यारभ्य "यतः प्रवृत्तिर्भूतानां येन सर्वमिदं ततं स्वकर्मणा तमभ्यर्च्य सिद्धिं विंदति मानवः। सिद्धिं प्राप्तो यथा ब्रह्म तथाप्नोति निबोध मे। समासेनैव कौंतेय निष्ठा ज्ञानस्य या परा बुद्ध्या विशुद्धया युक्तोधृत्यात्मानं नियम्य च शब्दादीन् विषयांस्त्यक्त्वा राग द्वेषौ व्युदस्य च। विविक्त सेवी लघ्वाशी यत वाक् काय मानसः। ध्यान योग

भिरतः यहां से लेकर ब्रह्म भूयाय कल्पते, यहां तक संक्षेप से निर्देश करके स्वकर्म के अनुष्ठान से अन्तःकरण की शुद्धि को बता करके ज्ञान योग के अनुष्ठान से परमात्मा के प्रत्यक्ष दर्शन बताया। और उन परमात्मा के प्रसाद से परभक्ति की प्राप्ति का "स्वकर्म निरतः सिद्धिं यथाविन्दति तच्छृणु" यहां से लेकर समःसर्वेषु भूतेषु मद्भक्तिं लभतेपराम्" यहां तक"

परोनित्यं वैराग्यं समुपाश्रितः । अहंकारं वलं दर्पं कामं क्रोधं परिग्रहं, विमुच्य निर्ममः शांतो ब्रह्मभूयाय कल्पते । ब्रह्मभूतः प्रसन्नात्मा न शोचति न कांक्षति । समःसर्वेषु भूतेषु मद्भक्तिं लभते परा,, मित्यन्तेन, यस्माच्च तयोर्नरयोः परभक्तिसाधनत्त्वेन निर्दिष्टयोः कर्मयोगज्ञानयोगयोरनुष्ठानप्रकारं प्रथम षट्के विस्तरेणोक्तोपदिश्य तदनुष्ठानसिद्धेभ्य आत्मसुखं प्राप्तेभ्योऽपि स्वभक्ति निष्टयोत्कर्ष्योक्तिद्वारा तान् भक्तियोगे प्रवर्त्तयितुं स्वभक्तियोगमुपदिष्टवान् सप्तमारभ्य "योगिनामपि सर्वेषां मद्गतेनांतरात्मने,, त्यादिभिस्तस्मादुप-

---

प्रकाशन किया है । अतः कर्मयोग, ज्ञानयोग, को परभक्ति का साधन निर्देश करके दोनों के अनुष्ठानके प्रकारको प्रथम छः अध्याय में विस्तार पूर्वक से कहा गया है, उसको बताकर तत: अनुष्ठान से सिद्ध आत्मसुख को प्राप्त जनों के लिये, अपने में भक्तिनिष्ठा के उत्कर्ष के कथन के द्वारा उनको भक्तियोग में लाने के लिये अपने भक्ति योग का उपदेश भगवान ने, "योगिनांमपिसर्वेषाम्" इत्यादिक द्वितीय षट ६ से किया है

पद्यते कर्मयोगज्ञानयोगयोः परभक्तिसाधनत्वम्
तत्र षष्ठोक्ताष्टांगयोगं कर्मयोगान्तर्गतं कर्मशिरोभूतं मन्यन्त एके, अन्ये तु तं ज्ञानसाधनत्वेन ज्ञानयोगं मन्यन्ते तत्र प्रथमः पक्ष एवमुपपद्यते। "अशोच्यानन्वशोचस्त्वमित्यारभ्य "एषातेभिहिता सांख्ये" इत्यंतेन ग्रंथेन प्रत्यगात्मविषयां बुद्धिमुपदिश्य बुद्धियोगे त्विमां शृणित्यारभ्य कर्मयोगविषयां बुद्धिमुपदिशन् कर्मानुष्ठानप्रकारः षष्ठाध्यायपर्यन्तेनोक्तो भगवता' अष्टांगयोगस्य कर्मयोग शिरस्कत्वे तदन्तंगतत्वात्

इससे कर्मयोग, ज्ञानयोग को परभक्ति का साधनत्व सिद्ध होता है। वहां प्रथम षट्कमे कहे गये अष्टांग योगको कर्मयोग के अन्तरगत कर्म के शिरोभाग को कोई मानते हैं, और कोई उस अष्टांग को ज्ञान का साधन होने से ज्ञानयोग मानते हैं. उसमें प्रथम पक्ष ही उपपन्न होता है, क्योंकि 'अशोच्यानन्व शोचस्त्वं, यहां से लेकर "येषाते भिहिता सांख्ये,, यहां तक के ग्रंथ से परमात्म विषयक वुद्धि का उपदेश करके 'बुद्धि योगे त्विमाम शृणु" यहाँ से आरम्भ कर कर्म योग विषयक बुद्धि का उपदेश करते हुए भगवान ने षष्ठाध्याय की समाप्ति तक कर्मानुष्ठान का प्रकार बताया है। इसलिये अष्टांग योग

योगारूढस्य तस्यैव शमः कारण-मुच्यते इत्याद्युक्तशमादीनामपि मनो निग्रहा-द्यात्मकानां मानसव्यापारत्वेनांतःकरणकर्मत्वो-पपत्तेः। "तत्स्वयं योगसंसिद्धः कालेनात्मनि विन्दतीति कर्मयोगसंसिद्धस्याधिकारिणः तज्ज्ञानं स्वयं स्वतः प्रयत्नान्तरं विनैव लभते" इति-ज्ञानस्य योगफलत्वोक्त्या तदर्थकोपायानन्त-रानुष्ठानसूचनेनार्थतश्चशमादीनामपि कर्म-योगांतर्गतत्वोपपत्तेश्च ज्ञानस्य फलात्मकत्वेन

कर्म का शिरोभाग होने से कर्म योगान्तर गत ही है। "योगारूढस्य तस्यैव" इत्यादि से कहे गये मनोनिग्रहादि रूप शमादिक मानस व्यापार होनेसे अन्तःकरणके कर्म हैं, अर्थात् कर्म दोप्रकार के होते हैं, बाह्यकर्म और आन्तरकर्म, बाह्य कर्म बाहरी इन्द्रियोंसे होते हैं, और आन्तर कर्म अन्तरेन्द्रिय मनके द्वारा होते हैं, अतः शमदमादिक मानस व्यापार होने से अन्तःकरण के कर्म हैं।

"तत्स्वयं योग संसिद्धः" कर्म योग से संसिद्ध अधिकारी को उसका ज्ञान प्रयत्नान्तरके बिनाही प्राप्त हो जाता है। इस वचनसे योगका फल ज्ञान बताया गया है, उसके लिये उपायान्तरों के अनुष्ठानोंका निषेध करनेसे अर्थ से भी शमादिक कर्मयोग के ही भीतर उपपन्न होते हैं। ज्ञान फलात्मक होने

तदनुष्ठानानुपपत्तेश्चेति। द्वितीयपक्षस्तु उक्त-रीत्यात्मविषयां कर्मयोगविषयां च बुद्धिमुपदिश्य "आरुरुक्षोर्मुनेर्योगं कर्म कारणमुच्यते इत्यन्तेन ग्रंथेन कर्मयोगानुष्ठान प्रकारञ्चोपदिश्यानन्तरं योगारूढस्य तस्यैव शमःकारणमुच्यते इत्यारभ्य षष्ठाध्याय पर्य्यन्तेन ग्रंथेन ज्ञानयोगानुष्ठानप्रकार उक्तः। ज्ञानयोगेनसांख्यानामिति निर्दिष्टस्य ज्ञानयोगस्यान्यत्रादृश्यमानस्य परिशेषादस्यैव योगप्रकरणस्य ज्ञानयोगप्रकरणोपपादकत्वात् । आरुरुक्षोः कर्मकारणमुच्यते इति आरुरुक्षोः कर्माधिका-

---

से उसका अनुष्ठान हो ही नहीं सकता है।

दूसरे पक्षमें कथित प्रकारसे आत्मविषयक और कर्मयोग विषयक बुद्धिका उपदेश करके "आरुरुक्षोर्मुनेर्योगं" इस ग्रंथ से कर्मयोग के अनुष्ठान का प्रकार बताकर उसके बाद "योगारूढस्य,, यहां से लेकर षष्ठाध्याय समाप्ति तक ज्ञानयोग के अनुष्ठान का प्रकार बताया है। "ज्ञान योगेन सांख्यानां" इस कर के बताया हुआ ज्ञानयोग दूसरी जगह देखा नहीं जाता है। अत: परिशेष से इसी योगप्रकरणको ज्ञानयोग प्रकरण मानते हैं। और 'आरुरुक्षोः' इससे आरुरुक्षु को ही कर्म का

रित्ववचनेन योगारूढस्य तदनधिकारित्व सूचनाच्च तेनैव योगारूढानुष्ठेयशमादीनां मानसव्यापारत्वेपि कर्मयोगान्तर्भूतत्वानुपपत्तेः। कर्मकारणमिति शमकारणमिति तद्विभाग करणाच्च। एकाकी अपरिग्रह इत्यादि विशेषणानां कर्मण्यनुपपत्तेश्च भगवत्समर्पितकर्मणामधिकफलकत्वोपपत्त्या "नेहाभिक्रमनाशोस्ति प्रत्यवायो न विद्यते स्वल्पमप्यस्य धर्मस्य त्रायते महतो भयादिति" किञ्चिदनुष्ठितस्यापि कर्मणः फलनाशश्रवणात् तत्त्यागजप्रत्यवाया भावश्रवणात् तस्यमहद्भयरक्षकत्वश्रवणाच्च

अधिकारी कहा गया है। योगारूढ कर्म का अधिकारी नहीं हो सकता यह सूचित किया है। अतः योगारूढ के अनुष्ठान करने योग्य शम दमादिक मानस व्यापार होने पर भी कर्मयोग के भीतर नहीं आ सकते, क्योंकि कर्म कारण और शम कारण ऐसे उनके दो विभाग किये हैं, एकाकी अपरिग्रह इत्यादिक विशेषण कर्म में उपपन्न ही नहीं हो सकते हैं। भगवत समर्पित कर्मोंका अधिक फल कहने से और 'नेहाभिक्रमनाशोस्ति' इस मंत्रसे किंचित् अनुष्ठितभी कर्मके फलका नाश सुनाजाताहै, और उसके त्यागसे जायमान प्रत्यवाय का अभावभी बताया गयाहै

निष्काम कर्मिणः इहामुत्रभ्रष्टत्वानुपपत्तेश्च। तदनुष्ठानपराणां कच्चिन्नोभयविभ्रष्ट इत्युक्तो भयविभ्रष्टत्वानुपपत्तेश्च। योगिनां कुले भवतीत्यत्र संन्यासिनां कुलानुपपत्त्या अन्यथा सिद्धेन ब्रह्मलिङ्गेनाकाशप्राणादिश्रुति वाधवल्लिङ्गेन योगीति श्रुतेर्वाधात् योगि शब्दस्ययोगशास्त्रविदि तदुपदेष्टरि धीमति ब्राह्मणे लक्षणोपपत्तेश्च। ज्ञानस्याननुष्ठेयत्वेऽपि तदुपायानामनुष्ठानत्वोपपत्तेश्चेत्येव मुपपद्यते

और महद्भय से उसकी रक्षा भी बताई गयी है। निष्काम कर्म करने वाला पुरुष इस लोक और परलोक में भ्रष्ट नहीं होता है। और 'कच्चिन्नोभय विभ्रष्टः' इस मंत्रसे अनुष्ठानकर्त्ता के उभयभ्रष्टत्व का निषेध किया गया है। "अथवा योगिनामेव कुलेभवति धीमताम्" यहांपर संन्यासीका कुल नहीं लिया जा सकता है। जैसे आकाश प्राणादि श्रुति का वाध होकर आकाश प्राण शब्दसे ब्रह्म लिये जाते हैं, उसी तरह से यहां पर भी लिङ्ग योगि से श्रुत का बाध होकर योग शब्दसे योग शास्त्र को जानने वाला योगशास्त्र के उपदेष्टा बुद्धिमान ब्राह्मण में लक्षणा होती है। यद्यपि ज्ञान अनुष्ठेय नहीं हैं और उसके उपाय अनुष्ठेय हैं, तो भी जिस उपाय से ज्ञान हो

तथापि येनोपायेन सम्भवतुतेनैव प्रत्यगात्म प्राप्तिं प्रशान्त मनसं ह्येनं योगिनं सुखमुत्तमं। उपैति "शांत रजसं ब्रह्मभूतमकल्मषं सुखेन ब्रह्म संस्पर्शमत्यन्तं सुखमश्नुते,, इत्यादिनोक्त्वानंतरं "योगिनामपि सर्वेषां मद्गते नान्तरात्मना। श्रद्धावान् भजते यो मां समेयुक्त तमोमत इति वचनेन तेषां कर्मयोगिनां ज्ञानयोगिनां प्राप्तात्मनां वहुनामधेयः कश्चिन्मदगतेन

सकता है उसी उपाय से परमात्माकी प्राप्ति को 'प्रशान्तमनसं ह्येनं' इत्यादिक से कहकर 'योगिना मपिसर्वेषां' इस वचन से जिसका अर्थ यह है कि कर्मयोगी ज्ञानयोगी जिन्होंने आत्मा को प्राप्त कर लिया है उन बहुतों के मध्यमें जो कोई हमारे में मन को लगाकर श्रद्धापूर्वक मेरा भजन करता है। वह हमारे मत में सबसे उत्कृष्ट है। इस अर्थमें दोनों योगों से सिद्ध हुए योगियों को भक्ति योग का अधिकारी बताकर और 'मय्यावेश्य मनाः' इस वचनसे भक्ति योग से ही हम यथार्थ से जाने जा सकते हैं। ऐसा निर्देश करके 'मनुष्याणां सहस्त्रेषु' इस वचन से ज्ञानयोग से आत्मा को जिन्होंने प्राप्त कर लिया है उनके मध्य में कोई ही हमको यथार्थ रूप से जानता है ऐसा कहकर 'योगिनामपि सर्वेषां' इस वचन से—उक्त ज्ञानयोग को वास्तविक स्फुट करके उसके आगे भक्तियोग वर्णन करनेसे आत्म-

मनसा श्रद्धा पूर्वकंमां भजते स युक्ततमः सर्वो-त्कृष्टः मे मत इत्यर्थकेनोक्त योगद्वयसिद्धानां भक्तियोगाधिकारत्वं निर्दिश्यमय्यासक्तमनाः-पार्थ योगं युञ्जन्मदाश्रयः। असंसयं समग्रं मांय-थाज्ञास्यसितच्छृणिवति भक्तियोगस्य स्वसमग्रं बोधकत्वं च निर्दिश्य मनुष्याणां सहस्त्रेषु कश्चिद्यतति सिद्धये यततामपि सिद्धानां कश्चिन्मामेति तत्वतइत्यनेन सिद्धानां ज्ञानयोगेन प्राप्तात्मनामपि मध्ये कश्चित्तत्वेन मां वेत्तीत्युक्त्या योगिनामपि सर्वेषा मित्युक्ता अनन्यथा सिद्धेनोक्तेन ज्ञानस्य

ज्ञानी को ही भक्तियोग करने का अधिकार है। अतः कर्मयोग और ज्ञानयोग को ही परभक्ति का साधन माना गया है। यह एक प्रकार दिखाया गया।

अब द्वितीय साधन प्रकार दिखाते हैं। मन्मनाभव तथा मत्कर्मकृत" इत्यादि, उक्तिसे हमारा भजन नमस्कार मद्विषयक कर्मादिक, निर्देश करके, मय्येव मन आधत्स्व" अथ चित्तं समाधातु" इत्यादिक मन्त्रों से साधन प्रकार बताया है इन श्लोकों में मच्चित्त समाधान पद से अनन्य भक्ति का ग्रहण है। उसके अनुष्ठान में असमर्थ के लिये उसके साधन भूत अपने कर्मों के करने का उपदेश दिया है। और वे कर्म भगवान के ध्यान पर्यन्त निर्दिष्ट हैं। और यहाँ उत्तरोत्तर साधनों के अनुष्ठान में

स्फुटीकृत्य तदग्रे भक्तियोगवर्णनेन च प्राप्ता-त्मज्ञानस्य भक्तियोगाधिकारित्वस्फुटीकरणा-दुपपद्यते । कर्मयोगज्ञानयोगयोः परभक्ति-साधनत्वमित्येकस्तत्साधनप्रकारो दर्शितः । द्वितीयस्तत्साधनप्रकारस्तु "मन्मना भव मद्भक्तो मद्याजी मां नमस्कुरु। मामेवैष्यसि युक्त्वैवमा-त्मानं मत्परायणः" । तथा "मत्कर्म कृन्मत्परमो मद्भक्तः संगवर्जितः । निर्वैरः सर्वभूतेषु यः समा-मेति पाण्डव" इत्युक्तौ मद्य जनमन्नमस्कार मत्क-र्मादिक इति निर्दिश्य "मय्येव मन आधत्स्व मयि बुद्धिं निवेशय । निवसिष्यसि मय्येव अत ऊर्द्ध्वं न संशयः ॥ अथ चित्तं समाधातुं न शक्नोषि मयि स्थिरम् । अभ्यासयोगेन ततो मामिच्छाप्तुं धनञ्जय ॥ अभ्यासेप्यसमर्थोऽसि मत्कर्मपरमो भ-वेत्यनेन स्फुटीकृतो भवति । तत्र मच्चित्तसमाधान पदोक्तानन्यभक्त्यनुष्ठानासमर्थस्य तत्साधन-त्वेन स्वकर्मपरत्वोपदेशात् । तच्च कर्म, स्वध्यान-पर्य्यन्तं निर्दिष्टं । तत्रैवोत्तरोत्तरसाधनानुष्ठाना

समर्थस्य तत्पूर्वपूर्वसाधनानुष्ठानोपदेशपरे वाक्ये "श्रेयोहि ज्ञानमभ्यासाज्ज्ञानाद्ध्यानं विशिष्यते" इति स्वकर्मपदस्थाने ध्यानपदप्रयोगात्। स्वकर्मपदस्य ध्यानपदस्य चानन्तरं कर्मफलत्यागपदप्रयोगाच्च "अथैतदप्यशक्तोसि कर्त्तुं मद्योगमाश्रितः। सर्वकर्मफलत्यागं ततः कुरु यतमतमवानिति", "ध्यानात्कर्मफलत्याग इति च। तस्मात्स्वानन्यभक्त्यनुष्ठानासमर्थस्य ध्यान-

---

असमर्थ प्राणी के लिये पूर्व २ साधनों के अनुष्ठान का उपदेश देनेवाले "श्रेयोहि ज्ञानमभ्यासात्" इस वाक्यमें स्वकर्म पदके स्थान में ध्यान पद का प्रयोग किया गया है। और स्वकर्म पद और ध्यान पदके बाद "अथैतदप्यशक्तोसि०", 'ध्यानात्कर्मफलत्यागः।...' इन पदों से कर्मफलत्याग पद का प्रयोग किया गया है। अतः स्वानन्यभक्ति के अनुष्ठान में असमर्थके लिये ध्यान पर्य्यन्त स्वकर्म परत्व का उपदेश किया गया है इसीलिये यह मालूम पड़ता है कि भगवद्भजन नमस्कार आदिक अनन्यभक्ति के ही साधन हैं।

और उसी जगहपर स्वकर्म परत्व में असमर्थ के लिये निष्काम कर्म का उपदेश किया गया है और निष्काम कर्म को ही भगवत अर्चनादि साधन माना गया है।

अतः प्रथमषट्क से उपदिष्ट निष्काम कर्म के अनुष्ठान से शुद्धान्तःकरण भक्त के लिये भगवान् के भजन यजनादि के

पर्यन्तस्वकर्मपरत्वोपदेशात् भगवद्यजननमस्कारादीनामनन्यभक्तिसाधनत्वमवगम्यते । तत्रैव च स्वकर्मपरत्वाऽसमर्थस्य निष्कामपरत्वोपदेशाच्च निःकामस्य कर्मणो भगवदर्चनादिसाधनत्वावगमात् । प्रथम षट्कोपदिष्टनिष्कामकर्मानुष्ठानेन शुद्धान्तःकरणस्य तद्यजनाद्यनुष्ठानद्वारा तदनन्यभक्तिप्राप्तिरित्युपपन्नं भवति । यान्यत्र मत्कर्मपदेन सूचितानि अनन्यभक्तिसाधनानि तद्यजनश्रवणकीर्तनादीनि तानि नवमे स्फुटमुक्तानि "महात्मानस्तु मां पार्थ दैवीं प्रकृतिमाश्रिताः । भजन्त्यनन्यमनसो ज्ञात्वा भूतादिमव्ययम्॥ सततं कीर्त्तयन्तो मां यतन्तश्च दृढव्रताः।

अनुष्ठान द्वारा अनन्यभक्ति की प्राप्ति होती है। यह बात सिद्ध होती है। और जो यहाँ पर मत्कर्म पद से अनन्यभक्ति के साधन रूप भगवान के यजन श्रवण कीर्तन आदिक सूचित किये गये हैं। वे सब नवम अध्याय में 'महात्मानस्तु मामूपार्थ' इत्यादिक वचनों से कहे गये हैं। अर्थात् हे पार्थ ! दैविक प्रकृति में स्थित महात्मा लोग हमको भूतादि, अव्यय जान कर अनन्यमन से भजते हैं, और सतत हमारा कीर्तन करते हैं, दृढ़व्रत होकर नित्य हमारे में यत्नशील होते हैं, हमको नमस्कार करते हैं, और नित्ययुक्त होकर भक्ति से हमारी उपासना

नमस्यंतश्च मां भक्त्या नित्ययुक्ता उपासते" इति एतद्वाक्यं सविशेषब्रह्मभक्तविषयमित्यनन्तरवचनात्, ज्ञानयज्ञेन चाप्यन्ये यजंतो मामुपासते। एकत्वेनेत्यस्मान्निश्चीयते; तत्र ज्ञानयज्ञपराणामिव द्वादशोक्ताक्षरोपासनापराणां पूर्वश्लोकोक्तेभ्यः कीर्तनादिपरेभ्योऽन्यत्वोक्तेरिति एषां तच्छ्रवणकीर्तनादिपराणां प्रत्यगात्मनः परमात्मनश्चापरोक्षज्ञानं न षष्ठोक्ते योगपराणामिव द्वादशोक्ताक्षरोपासनापराणामिव क्लेशाधिकतर बहुसाधनसाध्यं, किन्तु ज्ञानयोगानुष्ठानं

करते हैं, यहाँ पर उपासक पद से सविशेष ब्रह्मभक्त को ही समझना चाहिये। यह बात 'ज्ञानयज्ञेन चाप्यन्ये' इत्यादि पद से निश्चय होता है, क्यों कि "ज्ञान यज्ञेन" इस पद में ज्ञान यज्ञ में परायणों के तरह से द्वादशाऽध्याय में उक्त अक्षरोपासना परायणों को "महात्मानस्तु माम् पार्थ" इन श्लोकोंमें कीर्त्तनादि परों को पृथकतया निर्देश किया है। इन भगवच्छ्रवण कीर्त्तनादि परायण भक्तों को प्रत्यगात्मा और परमात्मा का अपरोक्ष ज्ञान अनायास से हो जाता है जिस प्रकार से षष्ठाध्यायोक्त योग परायणों की तरह द्वादशाऽध्यायोक्त अक्षरोपासना परायणों को क्लेशाधिक बताया गया है उसप्रकार भगवत् श्रवणकीर्तन

विनैवकेवलश्रवणकीर्त्तनस्मरणादिप्रसादितभगव-द्दनुकम्पालभ्यमिति दशमवाक्यादवगम्यते। "अहं सर्वस्यप्रभवोमत्तः सर्वं प्रवर्त्तते। इतिमत्वा भजन्ते मां बुधा भावसमन्विताः॥ मच्चित्ता मद्गतप्राणाः वोधयन्तः परस्परम्। कथयन्तश्च मां नित्यं तुष्य-न्तिच रमन्तिच॥ तेषां सततयुक्तानां भजतां प्रीतिपूर्वकम्। ददामि बुद्धियोगं तं येन मामुपया-न्ति ते॥ तेषामेवानुकम्पार्थमहमज्ञानजं तमः। नाशयाम्यात्मभावस्थो ज्ञानदीपेन भास्वतेत्येत-स्मात्" एषां वचनानामक्षरोपासकविषयत्वं नोप-

परायण के लिये नहीं है किन्तु ज्ञानयोग के अनुष्ठान के बिना ही केवल श्रवण कीर्तन स्मरणादि से प्रसन्न भगवान की अनु-कम्पा से ही प्राप्त हो जाता है। यह बात १० वाँ अध्याय के निम्नांकित वाक्यों से अवगत होता है। मैं (भगवान) ही सबका प्रभु हूं, मेरे से ही सबकी प्रवृत्ति होती है, ऐसा जानकर भाव समन्वित होकर विद्वान भक्त हमारा भजन करते हैं, हमारे में चित्त को लगाये हैं, हमारे में ही प्राण की वृत्ति लगाकर परस्पर में बोधन और मेरा कथन करते हुए नित्य सन्तुष्ट होते हैं और रमण करते हैं उन प्रीति पूर्वक भजन करने वाले सतत योगियों के लिये उस बुद्धियोग का मैं देता हूं जिससे वे सब हमको प्राप्त हो जाते हैं और उनके उपर अनुकम्पा के लिये अज्ञान से जायमान अन्धकार को अत्यन्त प्रकाशमान ज्ञानरूपी

पद्यते तेषामिति क्लेशप्रदैः स्वानुष्ठितसाधनैः प्रत्यगात्मज्ञानावाप्त्युक्तेः। पुनस्तेषां निरुपाधिकज्ञेयब्रह्मविचाराधिकारिणां "अहं सर्वस्य प्रभवे-त्युक्तस्य सर्वजगत्कारणस्य सोपाधिकत्वेन तद-भिमतस्य प्रेमपूर्वकं भजनानुपपत्तेः। पुनश्च एकाकी यतचित्तात्मेति षष्ठोक्तज्ञानयोगपराणा-मेकाकित्वोक्त्या एकत्र बहुस्थित्यनुपपत्त्या बोधयन्तःकथयन्तः इत्युक्त बहुजनसाध्यतद्बोधन

दीप से आत्मा में स्थित होकर नाश कर देता हूं इन वचनों का अक्षरोपासक विषयकत्व कथमपि उपपन्न नहीं हो सकता, क्यों कि उन ज्ञानियों के लिये क्लेशप्रद स्वानुष्ठित साधनों से प्रत्यगात्मज्ञान की प्राप्ति बताई गई है, और वे अव्यक्तोपासक ज्ञानियों के निरूपाधिक ज्ञेय ब्रह्म विचार का ही अधिकार है अतः उनके लिये "अहं सर्वस्य प्रभवः" इस पद से कहे गये सर्व जगत् कारण उनके मत में स्वोपाधिक होने से प्रेम पूर्वक भजन बन ही नहीं सकता क्यों कि वे तो निरूपाधिक ब्रह्म कोही ज्ञेय समझते हैं और यहाँ पर ब्रह्म सर्व जगत् कारण होने से स्वो-पाधिक है अतः उनके भजनार्ह है।

द्वितीय अनुपपत्ति एक यह भी है कि "एकाकीयत चित्ता-त्मा" इस षष्ठाध्याय के वचन में ज्ञानयोगपरायण के लिये एकाकी रहने का उपदेश है एक जगह बहुतों की स्थिति हो

कथनाद्यनुपपत्तेश्च। तद्बोधनकथनमात्रेण तत्तोष-त्वरमणत्वानुपपत्तेश्च। पुनश्च द्वादशे 'तेषामहं समुद्धर्त्ता', 'भवामि न चिरात्पार्थ', इत्यस्य व्याख्याने भाष्यकृता श्रीशंकरेण यद्भगवदाधीनमुक्तिमत्त्वेन तद्भक्तेभ्यः स्वाधीनमुक्तिमत्वेनाक्षरोपासकाना-मुत्कृष्टत्वं प्रतिपादितं यत् तद्विरोधाच्च। तत्कुतः इतिचेत् अत्र भगवद्दत्तज्ञानेनात्मप्राप्त्यात्मिकायास्तन्मुक्तेः पराधीनत्वोपपत्तेरिति तदेत-च्छ्रवणकीर्तनादिप्रसादितभगवद्दत्तप्रत्यगात्म-

---

नहीं सकती अतः बोधयन्, कथयन्, यह बहुजन साध्य होनेसे ज्ञानयोग परायण का बोधन कथन नहीं बन सकता किन्तु भगवत् श्रवण कीर्तन निष्ठ भक्त के लिये ही हो सकता है। और ज्ञानयोग पर को बोधन और कथन मात्र से तोष और रमन भी नहीं हो सकता है यह तो भक्त के लिये ही होता है क्योंकि भक्त भगवान् के चरित्र श्रवण कीर्तनादि से परम सन्तोष को प्राप्त होते हैं। यदि ज्ञानयोगी और भक्तों का भेद नहीं पावेंगे तो द्वादशवें अध्याय में, 'तेषामहं समुद्धर्त्ता', 'भवामि नचिरात्पार्थः" इन मंत्रों के व्याख्यान में भाष्यकार श्रीशंकराचार्य ने भगवान्के अधीन मुक्ति वाले भक्तों की अपेक्षा स्वाधीन मुक्ति वाले अक्षरोपासकों को उत्कृष्ट बताया है, उससे विरोध पड़ जायगा। यह कैसे विरुध है यह अगर पूछो तो वह इस प्रकार से है कि भक्तों के लिये भगवान् से दिये हुए ज्ञानसे आत्म-

षयं ज्ञानमनन्यभक्तिपूर्वकालीनं, परमात्म विषयबोधरूपन्तु तदुत्तरकालीन मिति अनन्य भक्तिसमानार्थकपरभक्ति परत् 'ब्रह्मभूयाय-कल्पते', 'ब्रह्मभूतः प्रसन्नात्मा न शोचति न कांक्षति', 'समःसर्वेषु भूतेषु मद्भक्तिं लभते पराम् ॥ भक्त्या मामभिजानात्येनस्माद्वचनादवगम्यते। एतस्मिन्वाक्ये परभक्तिपूर्वकालीनस्य प्रत्यगात्म-ज्ञानस्य तदुत्तरकालीनस्य परमात्मयाथात्म्य-बोधस्य च स्फुटं प्रतीतेः। तथाच "भक्त्यात्वनन्य-याशक्यअहमेवं विधोऽर्जुन। ज्ञातुं द्रष्टुं च तत्त्वेन प्रवेष्टुं च परंतप" इत्यनन्य भक्तेरप्युत्तर

प्राप्ति तथा मुक्ति भक्त को मिलती है, अतः मुक्त को पराधीन कहा गया है इससे श्रवण कीर्तन से प्रसन्न हुए भगवान् से दिए हुए प्रत्यगात्म विषय ज्ञान अनन्य भक्तिपूर्वक होता है और परमात्मक विषय के बोधरूप ज्ञान उसके बाद मिलता है यह बात अनन्यभक्ति समानार्थक पर भक्तिपर "ब्रह्मभूयाय कल्पते" इत्यादि वाक्योंसे जाना जाता हैं। क्योंकि इन वाक्योंमें पहले परभक्ति पूर्वक प्रत्यगात्म विषयक ज्ञान होता है और उसके बाद परमात्मविषयक यथार्थ बोध होता है यह स्पष्ट है।

'तथा च भक्त्यात्वनन्याशक्य' इस मंत्र से अनन्यभक्ति के भी उत्तर कालमें परमात्माका यथार्थ बोध होता है। यह

काले परमात्मयाथात्म्यबोधाद्युक्तेः परभक्तिस-मानार्थकत्वावगत्या अस्या अपिपूर्वकालीनत्वे प्रत्यगात्मज्ञानस्यावश्यं भाव्यमित्युपपन्नमनन्य भक्तिपरभक्त्योर्द्वयोरपिकर्मज्ञानोत्तरकालीनत्वेन तदनुष्ठानसाध्यत्वं तथा फलतश्चैक्यं तयो-र्द्वयोर्भगवत्तत्वयाथात्म्यबोधकत्वाद्येक फलकत्वात् । एतावांस्तु तत्र विशेषोस्ति परभक्तिपूर्वकालीनं तत्साधनभूतं प्रत्यगात्मज्ञानं ज्ञानयोगसाध्यं तात्साधनकोटावहंकारकामक्रोधादित्यागश्रवणा-दतोदुष्करं तत् अक्षरोपासकानां दुःखबाहुल्य-

कहने से परभक्तिके सामानार्थक का ज्ञान होने से परभक्ति के पूर्वकाल में होने पर भी प्रत्यगात्मज्ञान अवश्य हो सकता है यह सिद्ध होता है अतः अनन्यभक्ति और परभक्ति दोनों को ही कर्म और ज्ञान के उत्तर कालीनत्व होने से उन दोनों के अनुष्ठान से साध्यता बताई गई । और फल से भी उन दोनों को भग त्तत्व का यथार्थ बोध होने से और एक फलवाले होने से दोनों में ऐक्य है परंच इतनी विशेष बात है कि परभक्ति के पूर्व में होने वाला परभक्ति का साधनभूत प्रत्यगात्मा का ज्ञान योगसाध्य है और उसकी सधान कोटि में अहंकार काम-क्रोधादि का त्याग सुना जाता है इसीलिये ज्ञानयोग अक्षरोपा-सकों के लिये दुष्कर बताया गया है । और उसमें दुःखबाहुल्य

प्राप्त्युक्तेः "क्लेशोधिकतरस्तेषामव्यक्तासक्त-चेतसामिति" अनन्यभक्तिपूर्वकालीनं प्रत्य-गात्मज्ञानं तु श्रवणादिप्रसादितपरमात्मानुक-म्पालभ्यं "तेषांमेवानुकंपार्थमहमज्ञानजंतमः। नाशयाम्यात्मभावस्थो ज्ञानदीपेन भास्वतेत्युक्ते-स्तः सुकरं ततः तत्साधनज्ञानयोगानुष्ठानं विनैव तल्लब्धेःश्रवणादीनामपि सुकरत्वात्। कुतःएकत्र परमात्मनः प्रसादाधिक्यमन्यत्र तदभावइतिचेत् तदीयसाधनानामहंकारत्यागादीनां प्रत्यगा-त्मप्रयोजनकत्वात्। श्रवणादीनान्तु केवलं पर-

भी कहा गया है क्लेशोधिकतरस्तेषामव्यक्तासक्तचेतसां। अव्यक्तासक्त चित्तोंको क्लेश अधिक होता है। इति

और अनन्यभक्तिके पूर्वकालीन प्रत्यगात्मज्ञान श्रवणादि से प्रसन्न परमात्मा के अनुकम्पा से प्राप्त होता है। क्योंकि हे अर्जुन! उनके अनुकम्पा के लिये आत्मभावस्थ होकर के मैं प्रकाशयुक्त दीप से अज्ञानरूपी अन्धकार को नाश कर देता हूँ यह भगवान की प्रतिज्ञा है अतः वह सुकर है। और उसका साधन ज्ञानयोग के अनुष्ठान के विनाही उनकी प्राप्ति हो-जाती है। अतः श्रवणादिक भी सुखपूर्वक हो सकते हैं।

अब सन्देह यह होता है कि एक जगह परमात्मा का प्रसाद अधिक है और दूसरी जगह प्रसाद नहीं है सो क्यों

मात्माविषयकत्वात् । एतदुक्तं भवति ज्ञानयोग-निष्ठः कर्मानुष्ठानकृतान्तःकरणशुद्धिकालमारभ्य यावत्कालेन प्रत्यात्मप्राप्तिः तावत्कालं प्रत्यगात्म-ज्ञानार्थं तत्साधनान्यनुतिष्ठति ध्यायति च तमेव न तु परमेश्वरप्राप्त्यर्थं किञ्चित्करोति न च तं ध्यायति ज्ञानयोगप्रकरणे अक्षरोपासनाप्रकरणे च प्रत्यगात्मचिन्तनभिन्नतयापरमात्मध्याना-श्रवणात् किन्तु चतुर्विधा भजन्ते मामित्यत्र

इसका कारण यह है कि ज्ञानयोग के साधन अहंकारादिकों का त्याग प्रत्यगात्मबोध का प्रयोजक होता है। और अहंकारादिकों का त्याग अत्यन्त दुष्कर है और अनन्यभक्ति में साधन भूत श्रवणादिक हैं जिन श्रवणादिकों का विषय केवल परमात्मा ही है अतः श्रवणादिनिष्ठ अनन्यभक्तिमान् पुरुष के ऊपर परमा-त्मा की अधिक कृपा है। और ज्ञानयोग साधन में केवल भग-वद्विषय न होने से भगवान् की अनुकम्पा नहीं होती इसका मतलब यह होता है कि ज्ञानयोगनिष्ठ पुरुष कर्मों के अनुष्ठानसे अन्तःकरण की शुद्धि प्राप्त कर लेता है तबसे लेकर जबतक प्रत्य-गात्मकी प्राप्ति नहीं हो जाती तबतक प्रत्यगात्मकज्ञानके लिये साधनों का अनुष्ठान करता रहता है और उसीका ध्यान भी करता है परमात्मा की प्राप्ति के लिये न तो कुछ करना ही है और न परमात्मा का ध्यान ही करता है, क्योंकि ज्ञान-

जिज्ञासोरथात्म साधनत्वेन परमात्मभजनश्रवणा-त्तेषां योगनिष्ठानां मध्ये कश्चित्परमात्मानमपि भजते तदप्यात्मसाधनत्वेन नतु साध्यत्वेनातः परमात्मापि तद्भजनानुसारेण तदात्म प्राप्तिसाहाय्यं करोति नतु स्वयं तत्संपादयति आत्मप्राप्त्यनंतरं तु सोपि "वासुदेवः सर्वमिति" ज्ञानवान्भूत्वा परभक्त्या भगवन्तं भजते तत्प्राप्त्यर्थमतः सोपि-भगवत्प्रीतिविषयः तच्छ्रवणकीर्तनादिनिष्ठस्तु

योग प्रकरण में और अक्षरोपासना प्रकरण में प्रत्यगात्मचिन्तन से भिन्न परमात्मा का ध्यान नहीं कहा गया है। किन्तु "चतु-र्विधाभजन्तेमां" यहां पर जिज्ञासु के लिये आत्म साधन रूप से परमात्मा का भजन श्रवण नहीं किया गया है, तो भी यदि कोई ज्ञानयोगनिष्ठों के मध्यमें से परमात्मा का भजन भी करता है तो आत्मसाधनबुद्धिसे ही करता है साध्य बुद्धि से नहीं इसलिये परमात्माभी उसके भजनके अनुसारही आत्मप्राप्ति की सहायता मात्र करते हैं स्वयं उसका सम्पादन नहीं करते आत्म प्राप्ति के बाद वह भी तो वासुदेवः सर्वमिति ऐसा ज्ञान वाला होकर पर भक्ति से परमात्मा के प्राप्ति के लिये परमात्मा का भजन करता है। अतः वहभी भगवान् की प्रीतिका पात्र होगा।

निष्काम कर्मानुष्ठानजान्तःकरणशुद्धिकालमा-
रभ्य यावद्भगवत्प्राप्तिस्तावत्कालं केवलं परमेश्वर-
मेव भजते तदपि तत्प्राप्त्यर्थमेव ततः तस्यश्रवणा-
दिविषयः परमेश्वरः साधनभूतः अनन्यभक्ति-
विषयस्तु स एव तत्प्राप्यभूतोयस्मात् तस्मात्
साधनभूतश्रवणादिविषयः परमात्मापिसाध-
नत्वं प्राप्तः आत्मज्ञानं विना परमात्मज्ञानस्यानु
पपद्यमानत्वात् स्वयं तत्साधनीभूय प्रथममज्ञान-
जतमोनाशद्वाराप्रत्यगात्मस्वरूपं प्रकाशयति प-
श्चात्तज्जन्यस्वानन्यभक्तिलाभद्वारापरमात्मयाथात्म्य

श्रवण कीर्तनादिनिष्ठ भगवद्भक्त निष्काम कर्मके अनुष्ठान करनेसे जिस कालमें उसका शुद्ध अन्तः करण हो जाता है उस काल से लेकर जबतक भगवानकी प्राप्ति नहीं होती तबतक केवल परमेश्वर का भजन करता है और यह भजनभी परमात्मा के प्राप्ति के लियेही करता है अन्य अभिलाषासे नहीं इसे श्रवण कीर्तनादिनिष्ठ भगवद्भक्त के किये गये श्रवणादि के विषय परमेश्वरही हैं साधनभूत अनन्य भक्तिके विषयभी वही हैं और प्राप्यभूत भी वही हैं इसलिये साधन भूत श्रवणादि के विषय परमात्मा ही साधनभाव को प्राप्त होगये। आत्मज्ञान के बिना परमात्मज्ञान हो नहीं सकता अतः परमात्माही स्वयं उसके साधन होकर पहले अज्ञान से जायमान अंधकार को

स्वरूपं चेति । एतदेवैताभ्यामुच्यते "तेषां सततयुक्तानां भजतां प्रीतिपूर्वकम् । ददामि बुद्धि योगं तं येन मामुपयान्ति ते । तेषां मेवानुकम्पार्थ महमज्ञानजं तमः । नाशयाम्यात्म भावस्थो ज्ञान दीपेन भास्वतेति" अत्रैषारीतिः ज्ञानदीपशब्दनिर्दिष्टबुद्धियोगं विना । अथवा बुद्धियोगशब्दोक्तज्ञानदीपं विनाज्ञानजतमोनाशः न च तं विनाप्रत्यगात्मप्राप्तिः न च तां विना भगवत्प्राप्तिरिति परंपरया ज्ञानदीपस्य स्वप्राप्ति-

---

नाश कर प्रत्यगात्मक स्वरूप का प्रकाशन करते हैं उसके बाद उससे जायमान स्वानन्यभक्तिलाभके द्वारा परमात्मा के यथार्थ स्वरूप को प्राप्त होता है यही बात आगेके दो मन्त्रोंसे बताई जाती है । यही बात तेषां सतत० तेषामेवा० इन दोनों मंत्र से बताई जाती है । यहांपर पौर्वापर्य भाव माना गया है ज्ञान दीप शब्द से निर्दिष्ट बुद्धि योग के विना अथवा बुद्धि योग शब्दोक्त ज्ञान दीप के विना अज्ञानसे जायमान अंधकार का नाश नहीं होसकता और अंधकार के नाश के बिना प्रत्य गात्म की प्राप्तिभी नहीं होसकती और प्रत्यगात्मप्राप्तिके विना भगवत् प्राप्ति भी नहीं होसकती इस प्रकार परस्पर से ज्ञानदीप को अपनी प्राप्तिका साधन मानकर भगवान् कहते हैं येन

साधनत्वमंगीकृत्याह 'येन मामुपयान्ति ते' इति वस्तुतस्तु अनन्ययैव भक्त्या तत्प्राप्तिरुक्ता भक्त्यात्वनन्यया शक्यो ज्ञातुं, भक्त्या मामभिजानातीति च अथवा बुद्धियोगशब्देनानन्यभक्त्युत्तरकालीनः परमात्मयाथात्म्यबोध उक्तस्तदनन्तरं तत्प्राप्त्युक्तेः "ततो मां तत्वतो ज्ञात्वा विशते। इति" तत्र तत इति न ज्ञानमुच्यते ज्ञानेन पुनस्तज्ज्ञानानुपपत्तेः किन्तु तच्छब्देन भक्तिः परामृष्टा तयैव तत्तत्वज्ञानपूर्वकं तत्प्रवेशो-

---

मामुपयान्ति तो जिससे वे हमको प्राप्त होजाते हैं।

वास्तवमें तो अनन्य भक्ति से ही परमात्मा की प्राप्ति "भक्त्या त्वनन्य याशक्यो, भक्त्या मामभि जानाति" इन वचनों से कही गई है अथवा यहाँ पर बुद्धियोग शब्दसे अनन्य-भक्ति के उत्तर काल में होनेवाला परमात्मा का यथार्थ बोध कहा गया है उसके बाद परमात्माकी प्राप्ति होती हैं, क्योंकि, "ततो मामृतत्वतो ज्ञात्वा" इसके बाद हमको यथार्थतया जानकर हमको प्राप्त हो जाता है।

अब शंका यह होती है कि ततः पद से किसको लेना चाहिये ततः इस पद से ज्ञान नहीं लिया जासकता है क्यों कि ज्ञान के बाद पुनः ज्ञानकी प्राप्ति नहीं हो सकती है। अतः यहां तत शब्द से भक्ति का ही परामर्श होगा क्यों कि भक्ति

पपत्तेः। भक्त्यात्वनन्यया शक्योऽहमेवं विधोऽर्जुन। ज्ञातुं द्रष्टुं च तत्वेन प्रवेष्टुं च परंतप इत्यत्र स्फुटं भक्तेरेव तज्ज्ञापकत्वं तत्प्रवेशकत्वोक्तेःद्या स च तत् याथात्म्यबोधः तदज्ञाननाशं विना कथमुत्पद्येतेत्यपेक्षायामाह अहमज्ञानजं तम नाशयामि इति। ततस्तु अज्ञानजतमोनाशानन्तरं प्रत्यगात्मप्राप्तिस्ततोऽनन्यभक्त्या तद्याथात्म्य बोधानन्तरं तत्प्राप्तिरिति ध्येयं। तदेवमुक्तयोर्द्वयोरपिभक्त्योर्मध्येऽनन्यभक्तिप्रत्य स्पतपक्ष

से ही भगवत् तत्वज्ञान पूर्वक भगवान में प्रवेश हो सकता है क्योंकि "भक्त्या त्वनन्यया शक्य:" इस मंत्रमें स्पष्टतया भक्ति कोही भगवद्‌बोधकत्व भगवत्प्रवेशकत्व बताया गया है। और वह भगवद्याथात्म्य बोध अज्ञान के नाशके विना कथमपि उपपन्न नहीं होसकता है इसी लिये अज्ञान नाश के लिये परमात्मा ने स्वयं प्रतिज्ञा की "अहमज्ञानजन्तम: नाशयामि" अर्थात् मैं अज्ञान से जायमान अंधकारको नाश कर देता हूँ इसके बाद अज्ञानज अन्धकार के नाश के बाद प्रत्यगात्म की-प्राप्ति और उसके बाद अनन्य भक्ति से परमात्मा का यथात्म्य बोध और बोध के बाद परमात्मा की प्राप्ति होती है ऐसा जानना चाहिये

तदेवं इस प्रकार से उक्त दोनों भक्तियों के मध्य में अन-

पातित्वोपपत्तेः परमेश्वरस्य तस्याः समस्तगीता-
शास्त्रसारत्वनिश्चयेन गीताशास्त्रमूलभूतवेद सार
त्वेनानुमिता एषैव भक्तिरनुष्ठेया भगवत्प्राप्त्य
भीप्सुभिर्मुमुक्षुभिः। भगवता सर्वज्ञेन स्वकण्ठ
तोऽस्याः ससाधनायाः अनन्यभक्तेः। समस्तगीताशास्त्रगुह्यतमत्वोक्तिपूर्वकं स्वप्राप्त्य-
व्यभिचारिसाधनत्वप्रतिज्ञापूर्वकं शास्त्रस्योप-
संहारश्च "सर्वं गुह्यतमं भूयः शृणु मे परमं वचः।
इष्टोसि मे दृढमिति ततो वक्ष्यामि तेहितं॥ मन्म-
ना भव मद्भक्तो मद्याजी मां नमस्कुरु। मामे-

न्य भक्ति के प्रति भगवान का पक्षपात सिद्ध होता है और यही अनन्यभक्ति समस्त गीताशास्त्र का सार है, गीता-शास्त्र का मूल भूत जो वेद उसका भी यही सार है यह निश्चय होता है। अतः भगवत् प्राप्ति के अभिलाषी मुमुक्षुओं को चाहिये कि इसी भक्ति का अनुष्ठान करें और सर्वज्ञ भगवान श्री कृष्णजी ने अपने कंठ से ही साधन के सहित इसी अनन्यभक्ति को समस्त गीताशास्त्र का गुह्यतमत्व कहकर यह बताया है कि अपनी प्राप्ति का अव्यभिचारी साधन अनन्यभक्ति ही है ऐसा कहकर "सर्वगुह्यतमंभूयः" इत्यादि वचनों से शास्त्र का उपसंहार किया है इसे अनन्यभक्ति कोही भगवत्प्राप्ति का परम श्रेष्ठ सुकर उपाय सिद्ध होता है। "मन्मनाभव" इस मंत्र

वैष्यसि सत्यन्ते प्रति जाने प्रियोसि मे" इति। अत्र मन्मनाःइत्यनेन स्वानन्यचित्तत्वं च मयि भक्तिरनुरक्तिर्यस्य स मद्भक्त इत्यनेन स्वैकानुरागवत्वंतु निर्दिश्य पदद्वयेन स्वानन्यभक्तिरुक्ता। मद्याजी मां नमस्कुर्वितिद्वाभ्यांतु श्रवणादिका साधनभक्तिरुक्ता। यद्यप्यत्र यजनपदस्यैव श्रवणाद्युपलक्षकत्वान्नमस्कारपदं निरर्थकं तथापि त्यागस्यापि यजनपदार्थकत्वेन तत्र तदतिव्याप्तिमाशंक्यतन्निवृत्यर्थकं नमस्कारपदं स्वसहचरितभगवत्पूजार्थकत्व यजन

में मन्मनाः इस पद से स्वानन्य चित्त हो यह बतायाजाता है हमारे में है अनुरक्ति जिसकी वह मद्भक्त पद से कहा गया है उपरोक्त विग्रह से मद्भक्त पद का हमारे में ही एक अनुरागवान का निर्देश करके दोनों पदों से स्वानन्यभक्ति कही गई, और "मद्याजीमां नमस्कुरु" इन दोनों पदों से श्रवणादि रूपा साधन भक्ति कही गई। यद्यपि यहाँपर यजन पद ही श्रवणादि का भी उपलक्षक है नमस्कार पद निरर्थक है तौभी यजन पद से त्याग का भी ग्रहण हो जायगा उसे अतिव्याप्ति के वारण करने के लिये नमस्कार पद है, और वह यह सूचित करता है कि नमस्कार सह चरित भगवान का पूजन करना चाहिये।

पदस्य सूचयति। किञ्च मां यष्टुं शीलमस्येति मद्याजीति निरुक्त्या साक्षाद्भगवद्यजनवाचकस्य तत्साक्षात्पूजार्थकत्वोपपत्त्या बहुदेवताकयागस्य तन्नैमित्तिकयागस्य वाचकत्वानुपपत्तेस्तद्यजनपदस्यैव श्रवणाद्युपलक्षकत्वोपपत्तेः। नमः पदमुपायवाचकं मामुपायं कुर्वित्यर्थः। साधनान्तरसंत्यागो नमः शब्दो हि संशतीति पंचरात्रोक्तेः। तेन कर्मज्ञानाद्युपायान्तरपरित्यागपूर्वकं मामेकमुपायं कृत्वा मद्यजनादिपरः सन्मदनन्यभक्त्युक्तमदेकानुरक्तचित्तो भवेति सूचितं

किंच "माम् यष्टुं शीलमस्य इति मद्यात्यर्थाजीत्र" हमारे यजन करने का है शील स्वभाव जिसका उसको मद्याजी कहते हैं। इस निरुक्ति से साक्षात् भगवान के यजन वाचक साक्षात् भगवान का पूजा करना यह सिद्ध होता है, बहुत देवताओंवाले याग का और नैमित्तिक याग का यजन पद को वाचकत्व कथमपि नहीं हो सकता। इसलिये यजन पद श्रवणादि का उपलक्षक है, और नमः पद उपाय वाचक है अर्थात् माम् नमस्कुरु का अर्थ होता है कि हमको उपाय बताओ। क्योंकि पंचरात्र में नमःशब्द का अर्थ बताते हुये यह कहा है कि नमः शब्द साधनान्तरों का त्याग बताता है। अतः कर्म और ज्ञानादिक उपायान्तरों को परित्याग कर हमको ही उपाय करके हमारा यजन करते हुए एक हमारे में ही अनुरक्त चित्त होवो यह

भवति। सर्वगुह्यतमोक्त्याप्यस्यैवार्थस्य सूचनात उपायान्तरापरित्यागे सर्वगुह्यतमोक्तौ वैयर्थ्यापत्तेरिति सैषा "अनन्यचेताः सततं यो मां स्मरति नित्यशः। तस्याहं सुलभः पार्थ नित्ययुक्तस्य योगिनः॥ अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते। तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहमित्याद्युक्ता मन्मना भव मद्भक्त इति निर्दिष्टा चानन्य भक्तिः सविशेषब्रह्मपरा निर्विशेषब्रह्मपरा वेत्याशंकायां सविशेषब्रह्मपरेति ब्रूमः। कुतः? मद्याजी, मां नमस्कुरु, मत्कर्म कृदित्युक्तानां भगवत्पूजानमस्कारादिभक्तिसाधनानां निर्विशेषाक्षरोपास

सूचित होता है। "सर्वगुह्यतमं" से भी यही अर्थ सूचित होता है। यदि उपायान्तरोंका परित्याग न किया जाय तब तो सर्व गुह्यतमत्व का कहना ही व्यर्थ हो जायगा यही अन्यभक्ति "अनन्य चेता सततं" इत्यादिक मूलोक्त दो श्लोकोंमें कही गई है।

अब सन्देह यह होता है कि यह अनन्य भक्ति सविशेष ब्रह्म विषया है अथवा निर्विशेष ब्रह्म विषया है। उत्तर करते हैं कि नहीं सविशेष ब्रह्म विषया है क्योंकि भगवत् पूजा नमस्का-

नाप्रकरणे ज्ञानयोगप्रकरणे चाश्रवणात्
स विशेष ब्रह्मभक्तिप्रकरणे तु सहस्रशस्तच्छ्रवणात् । प्रकरणस्यार्थ नियामकत्वात् । अनन्यचेताः सततं यो मां स्मरतीत्यस्य तु मूर्द्धन्यया नाड्योत्क्रमवतामर्चिरादिमार्गेण गत्वा सविशेष ब्रह्म प्राप्त्युक्तेः । निर्विशेष ब्रह्मप्राप्तिवादिनां त्व मूर्द्धन्या देहान्निर्गत्यार्चिरादिना निर्विशेष ब्रह्म प्राप्ते रसम्भ मद्याजिनापि नाड्यो क्रमतां प्रकरणे श्रवणादुपपद्यते सविशेब्रह्म परत्वं ।

रादि भक्ति साधनों का निर्विशेषःब्रह्मोपासना प्रकरण में और ज्ञान योग प्रकरण में श्रवण नहीं है सविशेष ब्रह्म भक्ति प्रकरण में तो उपरोक्त साधनों का सहस्रशः श्रवण है प्रकरण ही अर्थ का नियामक होता है अतः यह निश्चय होता है कि अनन्य भक्ति सविशेष ब्रह्म विषया है। "अनन्य चेताः सततं" इस मंत्र से मूर्द्धन्य नाड़ी से उत्क्रमण करने वाले अर्चिरादि मार्ग से जाकर सविशेष ब्रह्मको प्राप्त होते हैं, यह कहा गया है और निर्विशेष ब्रह्म प्राप्ति वादियों के लिये मूर्द्धन्य नाड़ी से भिन्न नाड़ी से देह से निकलकर अर्चिरादि मार्ग से निर्विशेष ब्रह्म की प्राप्ति असम्भव है। हमारे यजन करने वाले के लिये भी मूलनाडी से उत्क्रमण करने वालेको प्रकरण में श्रवण होने से सविशेष ब्रह्म की प्राप्ति होती है।

किञ्च स्मरति ध्यायत्योः पर्यायत्वात् । ध्यान विषयस्य ध्येयस्य सविशेषत्वोपपत्तेः । तेषां ज्ञेयब्रह्मविचारपराणां भगवद्भक्तोपास्यत्यक्त ध्येयब्रह्मस्मरणानां तत्स्मरणानुपपत्तेश्च तस्य तत्परत्वमेवोपपद्यते । 'अनन्याश्चिन्तयन्तो मामि तीदं वाक्यं तु निर्विशेषवादिभिर्विशेष ब्रह्मो-पासकपरत्वेन नीत्वा स्वयोगक्षेमव्यापाररहि तस्य ज्ञानिनः ऐहिकयोगक्षेमौ परमेश्वर एव करोतीत्युपपादितं तदपि नोपपद्यते तत्पूर्वा परवाक्यविरोधो तदुक्तयोगक्षेमपदयोः ऐहिकार्थ

स्मृ धातु और ध्यै धातु में एकार्थकत्व होने से ध्यान का विषय जो ध्येयहै, वह सविशेष ही होसकता है और च ज्ञेय ब्रह्म के विचार करने में तत्पर ज्ञानियों को भगवत भक्तके उपास्य ध्येय ब्रह्म को स्मरण करने वाले निर्विशेष वादियों को भगवान का स्मरण उपपन्न नहीं होसकता। किन्तु ध्येय ब्रह्म का स्मरण ध्याता भक्तको ही होसकता है, "अनन्याश्चिन्तयन्तमाम्" इस वाक्य को निर्विशेष ब्रह्मवादियों ने सविशेष ब्रह्म विषयक उपासना परक मानकर अपने योग क्षेमके व्यापार से रहित ज्ञानिके लिये ऐहिक योगक्षेम परमेश्वर ही करते हैं यह प्रतिपादन जो किया है वहभी उपपन्नहीं होसकता, पूर्वा पर वाक्य का विरोध है और निर्विशेष ब्रह्मवादियोंके मतमें योग क्षेम पदका

परत्वानुपपत्तेःकुतः । तत्पूर्वतनस्य "त्रैविद्या मांसोमपाः पूतपापा यज्ञैरिष्टा स्वर्गतिं प्रार्थयन्ते। तेपुण्यमासाद्य सुरेन्द्रलोकमश्नंति दिव्यान् दिवि देवभोगान् ॥ ते तं भुक्त्वा स्वर्गलोकं विशालं क्षीणेपुण्ये मर्त्यलोकं विशंति। एवं त्रयीधर्ममनुप्रपन्नागतागतं कामकामाल-भन्ते, इत्यस्य सकामयागानुष्ठाननिष्ठपरलोक गतिवर्णनपरत्वात् । तदुत्तरतनस्य च "येप्यन्य-देवताभक्ता यजंते श्रद्धयान्विता" इत्यारभ्य, नतु-मामभिजानंति तत्वेनातश्च्यवन्ति। ते देवान् देवयज्ञो यांति त्यन्तदय वाक्य स्य देवता न्तरभक्त परलोकगतिवर्णानपरत्वात् तन्मध्य

ऐहिकार्थ करनाभी अनुपपन्न है। क्योंकि उसे पूर्व तन "त्रयी-र्विद्या मास् सोमपाः" इत्यादि वाकय सकाम याग का अनुष्ठाः करने वाले के लिये परलोक गति का वर्णन किया गया है। और उसके बाद उत्तर वाकय से येप्यन्य देवता भक्ता" इससे आरंभ कर देवान् देव यजोयन्ति यहां तक के वाकयसे देवता-न्तर भक्त का पर लोक गति वर्णन किया जाता है और दोनों के मध्यगत अनन्याश्चिन्तयन्तोमाम्" इस मंत्रसे पर देवता

गतस्य अनन्याश्चिन्तयन्तो मामित्यस्यापि परदैवतभक्त परलोकगतिवर्णनपरत्वोपपत्त्या तद्वत् योगक्षेमपदयोः पारलौकिकत्वोपपत्त्या ऐहिकत्वानुपपत्तेः । किञ्च सकामयागपराणांदेवतान्तरयाजिनांच निकृष्ट दर्शनत्व तत्तदुपासनात्यागाय प्रथमानां स्वर्गच्युतिं द्वितीयानां स्वेष्टदेवस्थानाच्च्युतिं दर्शयित्वा तेषां सर्वेषां स्वोपासनाप्रवृतये स्वभक्तानां स्वस्थानात्च्युतिं निर्दिष्टवान् तेषां योगक्षेमं वहामीत्यनेन मत्प्राप्ति लक्षणं योग मपुनरावृति

भक्तका परलोक यात्रा का वर्णन किया गया है इसने अनन्याश्चिन्त यन्तो माम्" इस वाक्य गत" योगक्षेमपद का पारलौकिकही अर्थ होता है, ऐहिकार्थकत्व नहीं है।

दूसरे एक बात यह भी है, सकाम याग करने वाले और देवतान्तरोंका यजन करने वालोंको निकृष्ट दिखाकर उन उपासना का त्याग करने के लिये सकामयाग करने वालोंकी स्वर्ग से पतन को दिखाकर और देवतांतर भक्तोंके स्वेष्ट देवके स्थान से पतन दिखाकर उन सबकी अपने उपासना में प्रवृति के लिये अपने भक्तोंकी अपने स्थान से कभी भी पतन नहीं होता ऐसा भगवानके योग क्षेमं वहाम्यहम्" इस पदसे किया है। क्योंकि योग माने हमारी प्राप्ति और अपुनरावृति को क्षेम कहते हैं यही

लक्षणं क्षेमं च वहामीत्यर्थं एतच्च तदनन्तरं स्फुटयामास यान्ति मद्याजिनोपि मामिति तदेव योगक्षेमपदयोः पारलौकिकत्वोपपत्त्या ऐहिकत्वानुपपत्तेर्नत्वदभीष्ट सिद्धिः। यदित्व-क्षरोपासकस्य ज्ञानिनः पारलौकिकयोगक्षेमं वहति परमेश्वर इत्युच्यते तदा सविशेषब्रह्मभक्त मुक्तिवदक्षरपरमुक्तेरपीश्वराधीनत्वोपपत्तेः पुनः स्त्वदभीष्टहानिरित्युभयतपाशारज्जुः त्वयाद्वाद शाध्यायव्याख्याने ईश्वराधीनमुक्तिपरमेश्वर-भक्तेभ्यः स्वाधीनमुक्तित्वेनाक्षरोपासकानां दर्शितोत्कृष्टत्वस्यात्रव्याघातात् किञ्च भक्ति-

बात "यान्तिमद्याजिनोपिमाम" इस पद से भगवान ने स्पष्ट किया है। अतः योग क्षेम पद का पारलौकिक अर्थ होने से ऐहिकार्थ कथमपि नहीं हो सकता। इससे आपके अभीष्ट की सिद्धि नहीं होगी।

यदि अक्षरोपासक ज्ञानी की पारलौकिक योग क्षेम का वहन परमेश्वर करते हैं, यह यदि आप कहते हैं। तो सविशेष ब्रह्म भक्त की मुक्ति की तरह से अक्षरोपासक की मुक्ति भी ईश्वराधीन ही हुई तो भी आपके अभीष्ट की सिद्धि नहीं हुई प्रत्युत हानि हुई, इसलिये दोनों तरह से बंधन की रज्जु है।

प्रकरणगतत्वादपि न तस्य वाक्यस्याक्षरनिष्ट परत्वमुपपद्यते । तथाहि यदुक्तं नवमाध्यायोपक्रमेप्रत्यक्षावगमंधर्म्यं सुसुखं कर्तुमव्ययमिति ज्ञानविज्ञानयोः प्रत्यक्षावगमत्वादिकत्वमुपपद्यते कुतत्वं तस्य भगवत्कीर्त्तनादिनिष्ठत्वावगमात् तद्धतोर्ज्ञानविज्ञानयोरपितद्भक्तिविषयकत्वतदग्रत नवाक्यानां कीर्तनादिभक्तिपरत्वावगतेः "महात्मानस्तु मां पार्थ दैवी प्रकृतिमाश्रिता । भजन्त्यनन्यमनसो ज्ञात्वाभूतादिमव्ययम् । सततं कीर्तयन्तो मां यतंतश्चदृढव्रताः । नमस्यंतश्च

भक्ति के प्रकरणमें वह वाक्य है इससेभी इस वाक्य को अक्षर निष्ठ परत्व उपपन्न नहीं होसकता है, जैसे कि हम बताते हैं नवम अध्यायके उपक्रममें प्रत्यक्षाऽवगमम्" इस श्लोक से ज्ञान और विज्ञान को प्रत्यक्षका अवगमक है यह प्रतिपादन किया गया है। क्योंकि उसकी भगवत कीर्तनादिकी निष्ठाका बोध कराया गया है अत: ज्ञान विज्ञानकोभी भगवद्भक्ति विषयता आती है आगेके वाक्यभी कीर्तनादि भक्ति काही बोधन करते हैं। हेपार्थ ! दैवी प्रकृतिको आश्रित महात्माजन अनन्य मनसे समस्तभूतोंका आदि भूत अव्यय हम को जानकर भजते हैं निरंतर हमारा कीर्तन करते हैं दृढ व्रत होकर हमारी प्राप्ति काही यत्न करते हैं भक्ति पूर्वक हमको नमस्कार करते हैं ऐसे

मां भक्त्या नित्ययुक्ता उपासतेइतीत्यादिनां एवम् कीर्तनादिपराणां योगक्षेममहं वहामीत्याह। तत्रैव "अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते। तेषां नित्याभियुक्तानांयोगक्षेमं वहाम्यहमिति इदानीं स्वभक्तेः प्रत्यक्षयावगमत्वादिके निर्दिशति "पत्रं पुष्पं फलं तोयं यो मे भक्त्या प्रयच्छति। तदहं भक्त्युपहृतमश्नामि प्रयतात्मनः,, अस्याः पत्रादिसमर्पणरूपायाः भक्तेः प्रत्यक्षप्रमाणविषयत्वात्। तथा यो यस्मै

नित्ययुक्त हमारी उपासना करते हैं। इन वाक्यांसे कीर्तनादि भक्ति सिद्ध होती है। इसलिये कीर्तन में परायण भक्तोंका हम योग क्षेम वहन करते हैं इस बातको उसी जगह "अनन्यतया हमारा चिंतवन करते हुए जो जन सर्वतः हमारी उपासना करते हैं उन नित्यही अभियोगी भक्तों के योग क्षेमको हम वहन करते हैं" इस मंत्रसे भगवान् ने बताया है। अब इस बातको भगवान् बताते हैं कि हमारे भक्त हमारी भक्ति सेंही हमको प्रत्यक्ष कर लेते हैं जैसे "पत्रं पुष्पंफलं तोयम्" पत्र पुष्प, फल, जल, को जो कोई हमको भक्तिसे अर्पण करता है, भक्तिसे दिये हुए उस पदार्थ को मैं प्रयत्न पूर्वक सेवन करता हूं। इस पत्रादि समर्पण रूप भक्ति को प्रत्यक्ष प्रमाण विषयता है, अर्थात् यः पत्रादि समर्पण रूपा भक्ति प्रत्यक्षही है और प्रत्यक्ष के लियेही

निः कामेन पुष्पादिकं ददाति न च ततः किंचिद्वांछति सतदुपर्य्यवश्यमेवप्रसीदतीति लोकेपिदर्शनात् । पुष्पादिसमर्पणेन परमेश्वरोवश्यमेवप्रसीदतीतिप्रत्यक्षमोश्वरप्रसादात्मकमवगमं फलं यस्यतत्प्रत्यक्षावगमं तथा तत् पुष्पादिसमर्पणस्य परमधर्मत्वाद्धर्म्यत्वमपि सिध्यति एतस्य पुष्पादिसमर्पणस्यसविशेषब्रह्मचिन्तनस्य च तच्छ्रवणकीर्तनादेश्च सुखमनुष्ठेयत्वे न सुसुखं कर्तुमित्युक्तमप्युपपन्नं भवति तथा तत्फलस्य भगवत्प्राप्त्यात्मकस्याविनाशित्वादव्यय

प्रत्यक्ष वस्तु दिये जायेंगे । तथा जो जिसके लिये निष्काम भाव से पुष्पादिको समर्पण करता है और उससे कुछ चाहता नहीं है, वह उस प्रतिगृहीता दाता के ऊपर अवश्य प्रसन्न होता है यह लोकमेंभी देखा गया है, इसलिये पुष्पादिके अर्पण करनेसे परमेश्वर अवश्यही प्रसन्न होंगे । यह ईश्वर का प्रसाद रूप फल प्रत्यक्षहीहै जोकि प्रत्यक्षमें ज्ञात होताहै तथा वह पुष्पादि समर्पण परम धर्म होनेसे धर्म्यत्वभी सिद्ध होता है । यहपुष्पादि समर्पण तथा सविशेष ब्रह्मचिन्तन और श्रवणकीर्तनादि को सुखमय अनुष्ठान करने योग्य भगवानने बताया है । इस लिये सुसुखंकर्त्तुं, यह जो कहा गया है सो भी उपपन्न होता है तथा भगवत् प्राप्तिरूप उसके फल के विनाशी न होनेसे अव्ययत्व

त्वमप्युपपद्यते तस्य न चेदं ज्ञानस्योपपद्यते तस्य प्रत्यक्षप्रमाणाविषयत्वात् । ज्ञानफलस्य ज्ञानवृतेः परमानन्दावाप्तेश्च आत्मप्राप्तेर्वा स्व संवोधत्वेनतदन्यस्याप्रत्यक्षात् न तस्य प्रत्यक्षावगमत्वमुपपद्यते नापिसुसुखानुष्ठेयत्वं ज्ञान योग प्रकरणे दुरनुष्ठेयानां मनोनैश्चल्यादीनां ज्ञानसाधनत्वोक्तेः द्वादशे अक्षरोपासकानां क्लेशाधिकतरत्वोक्तेश्चेत्यतो नास्य ज्ञानप्रकरणत्वमुपपद्यते किं च "मन्मना भव मद्भक्तो मद्याजी मां नमस्कुरु । मामेवैष्यसि युक्त्वैवमात्मानं मत्प-

---

भी सिद्ध होती है, यह बात ज्ञान की सिद्ध नहीं होती क्योंकि ज्ञान प्रत्यक्ष प्रमाण का विषय नहीं है। और ज्ञानका फल अज्ञान की निवृत्ति और परमानन्द की प्राप्ति है। अथवा आत्माकी प्राप्ति है। इस लिये ज्ञान से बोधित अन्य पदार्थ का ज्ञान से प्रत्यक्ष नहीं हो सकता है। इसलिये ज्ञान प्रत्यक्ष का अवगमक नहीं है। और सुखपूर्वक अनुष्ठेय भी नहीं है, क्योंकि ज्ञान योग प्रकरण में दुःख से अनुष्ठान करने योग्य निश्चलादिक मनादिका ज्ञान के साधन तथा प्रतिपादन किया गया है। द्वादशाध्याय में अक्षर की उपासना करने वालोंके लिये क्लेश अधिकतर कहा गया है। अतः यहां पर ज्ञानका प्रकरण नहीं है।

शयण,, इतिभक्तिपरवाक्येनोपसंहाराच्च नास्य तदुपपद्यते इतिभक्तिप्रकरणगत त्वेन भक्ति-परत्वोपपत्तेश्च तदन्तर्गतस्य चिन्तनपदस्य ध्या-नपर्यायस्य सविशेष ब्रह्मभक्ति लिङ्गत्वेनापि ना-नन्यचिन्तनवचनस्याक्षरोपासकपरत्वमुपपद्यते किंचाक्षरोपासकैरपिसविशेषब्रह्मभक्त परत्वेन स्वीकृतं "यदनन्येनैवयोगेन मां ध्यायंत उपासते तेषामहं समुद्धर्त्ता मृत्युसंसार सागरात् । भवामि न चिरात्पार्थ मय्यावेशितचेतसामितीदं वाक्यं तेन सहानन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्यु-

---

दूसरे "मन्मनाभव" इस भक्ति पर वाक्य सेही प्रकरण का उपसंहार किया गया है इस लिये भी इसको भक्ति परत्व ही माना जायगा, इसलिये भक्ति प्रकरण में इसका प्रतिपादन होने से भक्त परत्वही है उसके भीतरगत ध्यान पर्यायवाचि चिन्तन पदका सविशेष ब्रह्मभक्ति बोधन करने से भी अनन्य चिन्मय वचन को अक्षर उपासक परत्व नहीं हो सकता दूसरे अक्षरो-पासकों ने भी "अनन्ये नैव योगेन" अनन्य योग से जो मेरा ध्यान और उपासना करते हैं उनको मैं मृत्यु संसार सागरसे समुद्धार कर देता हूँ--और हेपार्थ! हमारे में आवेशित चित्तवालों को बहुत शीघ्र उद्धार कर देता हूँ" । इस वाक्य से सविशेष ब्रह्म भक्त परकही स्वीकार किया है । तथाच-इसी वाक्य के

पासते इत्यस्य तथा "अनन्य चेताः सततं यो मा स्मरति नित्यश" इत्यस्य चैकवाक्यतोपपत्तेरपि नानयो र्वाक्ययोरक्षरोपासक परत्वं निष्पद्यते। तत्कथमितिचेत् तत्र श्रूयमाणानां अनन्येति ध्यायन्त इति उपासते इत्येषां पदानामनयोरपि श्रूयमाणत्वेन तस्या नयोश्चैकार्थकत्वावगमात् ध्यायति चिन्तति स्मरतीनामैकार्थकत्वेन पर्याय वाचित्वाच्च किञ्चद्द्वादशोपक्रमेकृतात् एवं सतत युक्ता ये भक्तास्त्वां पर्युपासते। येचाप्यक्षर-

---

साथ "अनन्याश्चिन्तयन्तो मां" अनन्य चेताः सततं,, इन दोनों वाक्यों को एक वाक्यता उपपन्न होती है। इसलिये उपरोक्त इन दोनों वाक्यों को अक्षरोपासक परत्व उपपन्न नहीं हो सकता है। किस प्रकार से उपरोक्त इन दोनों वाक्यों को अक्षरोपासक परत्व क्यों नहीं सिद्ध हो सकता है यदि यह शंका करो तो उसका उत्तर है कि उपरोक्त वाक्यों में सुने गये जो अनन्या ध्यायंते, उपासते, इन पदों का इन दोनों वाक्यों में श्रवण होता है। इसलिये उस वाक्य का और इन दोनों वाक्यों की एकार्थकता है। ध्यान, चिंतन, स्मरण इन वाक्यों की पर्य्यायता शाब्दिकों ने मानी है,

किंच द्वादशाध्याय के उपक्रम में "एवं सतत युक्ता ये" इस प्रकार से सतत युक्त होते भक्त जो आपकी उपासना करते हैं

मव्यक्तं तेषांके योगवित्तमा इत्येतस्मादर्जुन प्रश्नादपि एषां सर्वेषां वाक्यानां सविशेषब्रह्मो· पासकपरत्वं निष्पद्यते तदपि कथमितिचेत् उच्यते अयमर्जुनस्य प्रश्नः भगवदन्योपासना क्षरोपासना श्रवणं विनानुपपद्यमान स्वः पूर्वतनग्रंथे द्विविधाप्युपासना भगवन्मुखो न्नार्जुनेन श्रुता इति सूचयति। सा चाक्षरो- पासनान्यत्राश्रूयमाणा अष्टमे यदक्षरं वेदविदो वदन्तीत्यत्र यार्जुनेन श्रुता तथाऽनन्योपास- नापि अनन्यचेताः सततं यो मां स्मरति

"और जो अव्यक्त अक्षर की उपासना करते हैं उन दोनों प्रकार के भक्तों में आपके मत से योगवित् कौन है। श्रीकृष्णजी के प्रति किये हुये अर्जुन के प्रश्न से भी इन सब वाक्यों को सवि- शेष ब्रह्मोपासक परता ही सिद्ध होती है। यदि सन्देह करो कि इस प्रश्न से सविशेष ब्रह्मोपासक ही सिद्ध होता है सो कैसे उसका उत्तर यह है कि यह अर्जुन का प्रश्न भगवदुपासना और अक्षरोपासना के श्रवण के विना अनुपपन्न होता हुआ प्रश्न के पहिले ग्रंथ में दोनों उपासनावों को भगवान् के मुख से अर्जुन ने सुना है, यह सूचित करता है, वह अक्षरोपासना दूसरी जगह तो सुनी नहीं गई है, किन्तु अष्टमाध्यायमें यदक्षर" वेदविदो वदन्ति यहां पर अर्जुनने सुनी है। औरअनन्योपासक

नित्यशः । अनन्याश्चिन्तयन्तो मामित्यादि वाक्योक्ता तेन श्रुतेत्यवगम्यते । नच स्वसन्निहिततरे एकादशान्ते भक्तया त्वनन्यया शक्यो-ऽहमेवं विधोऽर्जुन । ज्ञातुं द्रष्टुं च तत्त्वेन प्रवेष्टुं च परंतप इत्युक्ता सा तेन श्रुतेति वाच्यं तत्रानन्यभक्तिलक्षणतदुपासनाप्रकारस्यानुक्तेरेतद्वाक्यमात्रं श्रुत्वा "एवं सतत युक्ताये भक्तांस्त्वाम्पर्युपासते इत्येतादृश प्रश्न-स्यानुपपत्तेः । कुतः । सततोपासनपदयोस्तत्रा-

